

एशियाई खेलों में पदक जीतना इस साल उनका सबसे बड़ा लक्ष्य है। पिछले एक दशक से अधिक समय से मीराबाई चानू भारतीय भारोत्तोलन का चेहरा रही हैं।

– मीराबाई चानू

भारतीय वेटलिफ्टर, एशियाई खेलों में पदक जीतने को लेकर बोलते हुए।

# खेल जगत

आज का खिलाड़ी

## डेविड वॉर्नर



पीएसएल लगातार नाकारात्मक खबरों के कारण चर्चा में है। कुछ खिलाड़ियों ने पीएसएल से करार को ठेंगा दिखाकर आईपीएल का रुख किया है। इस बीच टूर्नामेंट का आगाज होने से पहले कप्तानों की प्रेस कॉन्फ्रेंस हुई। उसमें कप्तानों की बचकाना हकरतों पर डेविड वॉर्नर भड़क गए और अन्य कप्तानों को स्कूली बच्चा बता दिया। पीसी में जब डेविड वॉर्नर बोल रहे थे तभी अन्य टीमों के कप्तान आपस में ही गपशप करते दिखे और न जाने किस बात पर हंस रहे थे। कप्तानों का इस तरह का रवैया वॉर्नर को बिलकुल भी अच्छा नहीं लगा। कहा कि क्या गड़बड़ है? सॉरी जेंटलमेन, हमें यहां स्कूल बच्चे मिले हैं।

**क्या आप जानते हैं ?...** अंतरराष्ट्रीय टी20 में भारत का सबसे बड़ा रन चेज़ 209 रन है, जिसे टीम ने केवल 15.2 ओवर में हासिल किया।

## यूनियन फुटबॉल क्लब का 139वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया



जयपुर, 26 मार्च। आज चैत्र शुक्ल संवत् 2083, रामनवमी के पावन अवसर पर, 138 वर्ष पूर्व यूनियन फुटबॉल क्लब जयपुर की स्थापना इसी दिन महाराजा सवाई माधो सिंह द्वितीय द्वारा फुटबॉल खेल प्रेमियों की उपस्थिति में की गई थी। आज स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में क्लब के स्वर्णिम फुटबॉल इतिहास की स्मृतियों को जीवित रखते हुए 139वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर खिलाड़ियों द्वारा मैत्री मैच खेला गया, जिसमें बालक-बालिकाओं ने बढ़-चढ़कर उत्साह एवं जोश का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान क्लब के सदस्यों एवं फुटबॉल, कबड्डी तथा वेटलिफ्टिंग के खिलाड़ियों द्वारा सामूहिक रूप से राम स्तुति एवं हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। इस अवसर पर क्लब के सचिव महिपाल स्वामी, आर. के. भट्ट, सुनील शर्मा, समन्वयक अभिनव स्वामी, लोकेश, साहिल, गौरव, अधिवक्ता प्रेरक स्वामी, किशन लोढ़ा तथा कबड्डी कोच राज नारायण शर्मा ने अपने विचार व्यक्त किए।

क्लब के समन्वयक अभिनव स्वामी ने जानकारी दी कि बैच 2026-2027 के लिए प्रवेश प्रारंभ हो चुके हैं। साथ ही इस वर्ष क्लब में रग्बी खेल को भी शामिल किया जा रहा है।

## यूनियन क्लब ने सुराना एकेडमी को हराया



जयपुर, 26 मार्च। जयपुर जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित तथा एल वी फार्मा द्वारा प्रायोजित महिला ए डिवीजन लीग में खेले गए मैच में यूनियन क्रिकेट क्लब ने सुराना एकेडमी को 81 रनो से हराया। यूनियन क्लब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बिट्टू राजभर के 50 रन, भूमि के 50 रन, दीक्षा चौधरी के 13 रन, अनन्या वर्मा के 40 रन नाबाद व निधि सैनी के 10 रन नाबाद से 50 ओवर में 9 विकेट पर 205 रन बनाए। सुराना एकेडमी के लिए भूमिका जांगिड़ ने 22 पर 3, रिधिमा शेखावत ने 32 पर 2, गंगा व विद्या ने एक – एक विकेट लिया। जवाबी पारी में सुराना एकेडमी की टीम श्रेया जोशी के 13 रन, रिधिमा शेखावत के 10 रन, भूमिका जांगिड़ के 21 रन, रानी राणा के 16 रन से 41.4 ओवर में 1124 रन ही बना सकी। यूनियन क्लब के लिए अनन्या वर्मा ने 20 पर 3, अनुष्का शर्मा ने 34 पर 3, निधि सैनी, भूमि व चीनू राठौड़ ने एक – एक विकेट लिया।

## आइडियल मल्टी स्पोर्ट्स क्रिकेट अकादमी जीती

जयपुर, 26 मार्च। अंडर-12 पिंकसिटी कप में आइडियल मल्टी स्पोर्ट्स क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 31 ओवर में 141 रन 10 विकेट के नुकसान पर बनाएं। राजवीर ने 32 और अथर्व गुप्ता ने 31 रनों का योगदान दिया। संस्कार क्रिकेट अकादमी की ओर से पीयूष यादव ने 4 और सिद्धार्थ खान ने 3 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी संस्कार क्रिकेट अकादमी 27 ओवर में 88 रन पर ऑल आउट हो गई ! ऋषभ सिंह ने सर्वाधिक 22 रन का योगदान दिया। आइडियल मल्टी स्पोर्ट्स क्लब की ओर से हर्षित ने 4 और तनिष्क ने 3 विकेट लिया। मैन ऑफ द मैच हर्षित को चुना गया।

## जूनियर राज्य स्तरीय वुशू प्रतियोगिता का आयोजन बीकानेर में 27 से

जयपुर, 26 मार्च। राजस्थान वुशू संघ व बीकानेर वुशू संघ के तत्वावधान में दिनांक 27 से 29 मार्च 2026 तक 19वी राजस्थान जूनियर राज्य स्तरीय (बालक/बालिका) वुशू प्रतियोगिता का आयोजन डॉ. करणी सिंह स्टेडियम, बीकानेर में किया जा रहा है। हीरानंद कटारिया अध्यक्ष, राजस्थान वुशू संघ ने बताया कि इस प्रतियोगिता में राज्य के 23 जिलो के लगभग 200 खिलाडी व अधिकारियों के भाग लेने की संभावना है। इस प्रतियोगिता की सभी फाइट नाकआउट आधार पर खेली जायेगी। प्रतियोगिता के आयोजन सचिव गणेश हर्ष ने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी खिलाडियों का रजिस्ट्रशन व वजन दिनांक 27 मार्च को प्रातः 7 बजे लिया जायेगा तथा हर्ष ने बताया की प्रतियोगिता से संबंधित सभी तैयारिया पूर्ण कर ली गई है।

## प्रवीण गुप्ता का जयपुर जिला बैडमिंटन संघ ने किया स्वागत

जयपुर, 26 मार्च। राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद के नवनियुक्त अध्यक्ष एवं वरिष्ठ आईएएस अधिकारी प्रवीण गुप्ता का जयपुर जिला बैडमिंटन संघ के पदाधिकारियों द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष अनिल मेहता, सचिव मनोज दसोड़ा एवं कोषाध्यक्ष अतुल गुप्ता ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट किया।

संघ के पदाधिकारियों ने प्रवीण गुप्ता को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि उनके नेतृत्व में प्रदेश में खेलों को नई दिशा और गति मिलेगी।

# आईपीएल 2026 के दूसरे फेज का शेड्यूल जारी, 12 स्टेडियम में 50 मुकाबले होंगे

### राजस्थान रॉयल्स की टीम जयपुर में चार मैच खेलेगी

नई दिल्ली, 26 मार्च। बीसीसीआई ने आईपीएल 2026 के दूसरे चरण का शेड्यूल जारी कर दिया है। इससे पहले बोर्ड ने 12 अप्रैल तक का शेड्यूल जारी किया था, जिसमें 20 मुकाबले खेले जाने थे। अब आगे के मैचों के लिए कार्यक्रम सामने आया है, जिसमें 50 मैच शामिल हैं। दूसरे चरण की शुरुआत 13 अप्रैल से होगी, जो 12 शहरों में खेले जाएंगे। बीसीसीआई ने अब तक कु 70 मैचों के शेड्यूल का ऐलान किया है। हालांकि, प्लेऑफ के मैचों का कार्यक्रम अब तक सामने नहीं आया है। दूसरे चरण में मुकाबले बेंगलुरु, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, दिल्ली, अहमदाबाद, हैदराबाद, लखनऊ, जयपुर, धर्मशाला, रायपुर और न्यू चंडीगढ़ में खेले जाएंगे।

बता दें कि, आईपीएल 2026 का आगाज 28 मार्च से होने वाली है, जिसके पहले फेज के लिए बोर्ड ने शेड्यूल का ऐलान कर दिया था। अब दूसरे चरण के कार्यक्रम का ऐलान किया गया है।



हालांकि, प्लेऑफ के मुकाबलों के लिए अब तक कार्यक्रम सामने नहीं आया है। दूसरे चरण में कुल 8 डबल हेडर मुकाबले होंगे, जहां फैंस को क्रिकेट का डबल डोज मिलने वाला है।

दूसरे फेज की शुरुआत 13 अप्रैल से होगी और आखिरी मुकाबला 24 मई को खेला जाएगा। इस मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स और दिल्ली कैपिटल्स की टीम आमने-सामने होंगी।

तीन टीमों के दो घरेलू मैदान

आईपीएल में इस तीन टीमों के दो-दो घरेलू मैदान हैं, जहां पर वो मुकाबला खेलेंगी। इसमें पंजाब किंग्स रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और राजस्थान रॉयल्स की टीम शामिल है। पंजाब अपने मुकाबले न्यू चंडीगढ़ के अलावा धर्मशाला में खेलेगी। धर्मशाला में उनक 3 मैच होने वाले हैं। राजस्थान की टीम जयपुर में चार मैच खेलेगी। बेंगलुरु की टीम चिन्नास्वामी में तीन जबकि रायपुर में 2 मुकाबले खेलेगी।

हालांकि, प्लेऑफ के मैचों के लिए अब कार्यक्रम की घोषणा नहीं की गई है। बीसीसीआई ने जारी अपनी प्रेस रिलीज में बताया है कि इसके लिए घोषणा बाद में की जाएगी। अब तक जारी दोनों चरण के शेड्यूल में कुल 70 मुकाबले खेले जाएंगे। दूसरे फेज में 8 डबर हेडर, जबकि पहले में कुल 4 डबल हेडर होने हैं।

# टीम इंडिया का घरेलू सीजन का फुल शेड्यूल, ऑस्ट्रेलिया समेत दो देशों के खिलाफ 17 शहरों में 22 मुकाबला

नई दिल्ली, 26 मार्च। भारतीय क्रिकेट टीम के घरेलू सीजन को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है और इस बार मुकाबलों की संख्या भी काफी ज्यादा रहने वाली है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने आगामी 2026-27 घरेलू कार्यक्रम का ऐलान कर दिया है, जिसमें टीम को अलग-अलग प्रारूप में कई अहम सीरीज खेलनी हैं। बता दें कि इस पूरे घरेलू सत्र में भारत की पुरुष टीम कुल 22 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेलेगी, जो देश के 17 अलग-अलग मैदानों पर आयोजित होंगे। मौजूद जानकारी के अनुसार, इन मुकाबलों में 5 टेस्ट, 9 एकदिवसीय और 8 टी20 मैच शामिल हैं। हैदराबाद, बेंगलुरु, गुवाहाटी, अहमदाबाद और रांची ऐसे केंद्र हैं जहां दो-दो मुकाबले आयोजित किए जाएंगे।

सीजन की शुरुआत वेस्टइंडीज के खिलाफ सीमित ओवरों की सीरीज से होगी। गौरतलब है कि यह दौरा 27 सितंबर से शुरू होकर 17 अक्टूबर तक चलेगा। एकदिवसीय मुकाबले तिरुवनंतपुरम, गुवाहाटी और न्यू चंडीगढ़ में खेले जाएंगे, जबकि टी20 मुकाबले लखनऊ, रांची, इंदौर, हैदराबाद और बेंगलुरु में आयोजित होंगे।

इसके बाद श्रीलंका की टीम दिसंबर में भारत दौरे पर आएगी। मौजूद जानकारी के अनुसार, इस सीरीज में तीन एकदिवसीय और तीन टी20 मुकाबले खेले जाएंगे। एकदिवसीय मैच दिल्ली, बेंगलुरु और अहमदाबाद में होंगे, जबकि टी20 मुकाबले राजकोट, कटक और पुणे में आयोजित किए जाएंगे। नए साल की शुरुआत जिम्बाब्वे के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज से होगी। यह तीन मैचों की सीरीज कोलकाता, हैदराबाद और मुंबई में खेली जाएगी।

गौरतलब है कि टेस्ट प्रारूप में भारत का घरेलू सत्र सिर्फ ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की बडी सीरीज के साथ पूरा होगा। यह सीरीज 21 जनवरी से शुरू होकर मार्च की शुरुआत तक चलेगी। मौजूद जानकारी के अनुसार, इसके मुकाबले नागपुर, चेन्नई, गुवाहाटी, रांची और अहमदाबाद में खेले जाएंगे।

इस पूरे कार्यक्रम को देखें तो साफ है कि भारतीय टीम के सामने एक व्यस्त और चुनौतीपूर्ण घरेलू सत्र रहने वाला है, जहां अलग-अलग प्रारूप में खिलाड़ियों की परीक्षा होगी और टीम संयोजन को लेकर भी कई अहम फैसले लिए जाएंगे।

## आरसीबी के बिकने पर विजय माल्या का रिएक्शन, कहा- तब हंसे थे लोग

नई दिल्ली, 26 मार्च। आरसीबी के रिकॉर्ड कीमत पर बिक्री के बाद भगोड़े विजय माल्या ने अपने आलोचकों पर तंज कसा है। आरसीबी के पूर्व मालिक विजय माल्या के इस निवेश को कभी वैनिटी प्रोजेक्ट कहकर मजाक उड़ाया गया था। विजय माल्या ने उन मजाक उड़ाने वालों को याद दिलाते हुए कहा कि वही पागलपन आज रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को दुनिया की सबसे कीमती फ्रेंचाइजी में बदल चुका है।साल 2008 में 450 करोड़ रुपये में खरीदी गई आरसीबी की कीमत अब 16 हजार 500 करोड़ रुपये भी ज्यादा पहुंचने पर विजय माल्या ने इसे अपनी दूरदर्शिता की जीत बताया। विजय माल्या ने पर लिखा कि, मैं आरसीबी के नए मालिकों को तहे दिल से बधाई देना चाहूंगा।

विजय माल्या ने लिखा कि, मैं उन्हें सबसे कीमती आईपीएल फ्रेंचाइजी बनने के लिए बहुत-बहुत शुभकामनाएं देता हूं और ईश्वर से उनकी सफलता की कामना करता हूं। साल 2008 में जब मैंने 450 करोड़ रुपये में ये फ्रेंचाइजी खरीदी थी तब ज्यादातर लोगों ने मेरा मखौल उड़ाया था। उन्होंने मेरे इस निवेश की आलोचना करते हुए इसे महज दिखावा बताया था।

## आईपीएल 2026 की ओपनिंग सेरेमनी का नहीं होगा आयोजन- बीसीसीआई

नई दिल्ली, 26 मार्च। आईपीएल 2026 का आगाज 28 मार्च से होने जा रहा है। इस टूर्नामेंट का पहला मैच गत चैंपियन टीम आरसीबी और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाएगा। हर बार आईपीएल सीजन की शुरुआत से पहले ओपनिंग सेरेमनी का आयोजन होता है लेकिन इस बार ऐसा कुछ नहीं होगा।

आईपीएल के 19वें सीजन के लिए बीसीसीआई ने ये फैसला लिया है। पिछले सीजन आरसीबी के पहली बार आईपीएल खिताब जीतने के बाद बेंगलुरु में 4 जून 2025 को हुई भगदड़ में 11 जाने चली गई थी। जिसे लेकर अब बीसीसीआई ने उस घटना में 11 पीड़ितों को श्रद्धांजलि देने के लिए आईपीएल 2026 की ओपनिंग सेरेमनी को रद्द करने का फैसला किया है। हालांकि, बीसीसीआई के पास प्लान बी भी तैयार है। ओपनिंग सेरेमनी की जगह इस बार भव्य क्लोजिंग सेरेमनी होगी। 28 मार्च को ओपनिंग सेरेमनी नहीं, लेकिन बीसीसीआई 31 मई को एक भव्य समापन समारोह आयोजित करने की योजना बना रही है।

इस दौरान बीसीसीआई ने कहा कि, पिछले साल 4 जून को हुई दुखद घटना के कारण, आईपीएल 2026 के ओपनिंग डे पर कोई औपचारिक कार्यक्रम आयोजित नहीं किया जाएगा। बीसीसीआई 4 जू 2025 को हुई उस त्रासदी में दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए आईपीएल के 19वें सीजन की शुरुआत में कोई सांस्कृतिक या मनोरंजन कार्यक्रम आयोजित नहीं कर रहा है। हालांकि, बीसीसीआई और आईपीएल गवर्निंग काउंसिल क्लोजिंग सेरेमनी यानी फाइनल के दिन एक भव्य कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बना रहे हैं।

## उस्मान तारिक की नकल करना श्रीलंकाई गेंदबाज को भारी पड़ा

नई दिल्ली, 26 मार्च। क्रिकेट के मैदान पर पाकिस्तानी स्पिनर उस्मान तारिक के अनोखे बॉलिंग स्टाइल की नकल करना एक खिलाड़ी को भारी पड़ गया। श्रीलंका के रिचमंड कॉलेज में खेले गए एक मैच में गेंदबाज नेथुजा बशिथा ने तारिक की शैली अपनाने की कोशिश की, लेकिन अंपायर ने इसे नियमों के खिलाफ मानते हुए गेंद को डेड बॉल करार दिया। यह मैच गॉल में 21 मार्च को रिचमंड कॉलेज और महिंदा कॉलेज के बीच खेला गया था।पाकिस्तानी स्पिनर उस्मान तारिक इन दिनों अपनी अनोखी गेंदबाजी शैली के कारण काफी चर्चा में हैं। हाल ही में समाप्त हुए टी-20 वर्ल्ड कप में उन्होंने अपनी गेंदबाजी से सभी को हैरान कर दिया।

## गुवाहाटी में भी होगा बॉर्डर-गावस्कर सीरीज का मैच, स्वदेश में नौ वनडे खेल सकते हैं रोहित-कोहली

नई दिल्ली, 26 मार्च। पिछले साल नवंबर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट मैच की मेजबानी करने के बाद अब गुवाहाटी का बारसपारा स्टेडियम 2027 में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच होने वाली बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के पांच में से एक मैच की मेजबानी करेगा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने बृहस्पतिवार को सीनियर पुरुष टीम के घरेलू सत्र का कैलेंडर जारी किया जिसमें पांच टेस्ट, नौ वनडे और आठ टी20 मैच शामिल हैं।

वनडे मैचों पर निश्चित रूप से सबकी नजर रहेगी क्योंकि विराट कोहली और रोहित शर्मा की दिग्गज जोड़ी के उन सभी मैचों में खेलने की उम्मीद है। यह दोनों स्टार बल्लेबाज अब केवल वनडे प्रारूप में ही खेलते हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला जनवरी, फरवरी और मार्च 2027 में खेली जाएगी। इसकी शुरुआत 21 जनवरी को नागपुर में होगी। इसके बाद दूसरा टेस्ट मैच चेन्नई में (29 जनवरी से दो फरवरी) और आठ दिन के अंतराल के बाद तीसरा टेस्ट 11 से 15 फरवरी तक गुवाहाटी में खेला जाएगा। रांची में चौथा टेस्ट 19 से 23 फरवरी के बीच खेला जाएगा, जबकि अहमदाबाद में अंतिम टेस्ट 27 फरवरी से शुरू होगा।

पांच स्थानों में से नागपुर (जहां आखिरी बार 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट मैच हुआ था), चेन्नई (जहां आखिरी बार 2024 में बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट मैच हुआ था), रांची (जहां आखिरी बार 2024 में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैच हुआ था) और अहमदाबाद (जहां आखिरी बार अक्टूबर 2025 में वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट मैच हुआ था) को रोटेशन नीति के अनुसार मेजबानी मिली है। लेकिन यह स्पष्ट नहीं हो पाया कि गुवाहाटी को फिर से मेजबानी कैसे मिली जबकि उसने नवंबर 2025 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एक टेस्ट मैच आयोजित किया था।

## एसीएस स्पोर्ट्स प्रवीण गुप्ता- सचिव नीतू बारूपाल ने लिया स्टेडियम का जायजा



**विभिन्न नवीनीकरण एवं अपग्रेडेशन कार्यों की समीक्षा की**

जयपुर, 26 मार्च। अतिरिक्त मुख्य सचिव, सार्वजनिक निर्माण विभाग तथा युवा मामले व खेल विभाग, राजस्थान सरकार प्रवीण गुप्ता ने गुरुवार को सवाई मान सिंह स्टेडियम पर जयपुर में आगामी दिनों में होने वाले आईपीएल मैचों के लिए चल रही विभिन्न तैयारियों का जायज़ा लिया तथा अधिकारियों को इस बाबत आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस अवसर पर संयुक्त शासन सचिव युवा मामले एवं खेल विभाग. राजस्थान सरकार तथा सचिव राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद नीतू बारूपाल, मुख्य लेखाधिकारी कमलप्रीत कौर, पीडब्ल्यूडी के अधिकारीगण, क्रीड़ा परिषद के अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता, राजस्थान रॉयल्स के उपाध्यक्ष सहित भी अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

जयपुर में आईपीएल मैचों के लिए तैयारियां पिछले महीने से ही शुरू हो गई हैं। सार्वजनिक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की टीम स्टेडियम में सभी तरह के नवीनीकरण एवं अपग्रेडेशन के कार्यों को समय पर पूरा कर स्टेडियम को मैचों के आयोजन के लिए तैयार कर देगी। दर्शकों की सुविधा और सुरक्षा को प्राथमिकता दी जा रही है। जिससे दर्शक आरामदायक और सुविधाजनक माहौल में मैचों का आनन्द लें। आईपीएल मैचों के आयोजन से पहले फ्लड लाइट्स, सिविल, वाटर और इलेक्ट्रिक वर्क, नई लिफ्ट लगाने, वीआईपी साउथ स्टेंड्स के साथ नॉर्थ और अन्य स्टेंड्स के वॉशरूम का अपग्रेडेशन, कंटीले तारों को हटाकर नई जालियां लगाने तथा दर्शकों को सुविधा और सुरक्षा की दृष्टि से सभी आवश्यक कार्य पूरे किए जा रहे है। उल्लेखनीय है कि 1995 बैच के आईएएस अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बुधवार को ही अतिरिक्त मुख्य सचिव युवा मामले एवं खेल विभाग का कार्यभार ग्रहण किया था। चार्ज लेने के बाद गुरुवार को एसीएस स्पोर्ट्स की पहली विजिट थी। इस अवसर पर उनका नीतू बारूपाल ने बुके भेट कर स्वागत भी किया।

## एस बी एस एकेडमी सीकर, अरावली क्लब, लक्ष्य एकेडमी, केशर एकेडमी जीती

जयपुर, 26 मार्च। राजस्थान यूथ क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय यूथ कप अंडर -17 क्रिकेट प्रतियोगिता में आज खेले गए मैचों एस बी एस एकेडमी सीकर ने शास्त्री एकेडमी को 8 विकेट से हराया, अरावली क्लब ने स्टार एकेडमी को 234 रनो हराया, लक्ष्य एकेडमी ने एमी एकेडमी को 327 रनो से हराया तथा केशर एकेडमी ने पी एस एकेडमी को 125 रनो से हराया। आर जे 14 ग्राउंड पर शास्त्री एकेडमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पवन कुमावत के 23 रन व अल्तमस शेख के 27 रनो से 17.2 ओवर में मात्र 60 रनो पर सिमट गई। एस बी एस एकेडमी के लिए लवमीत गुर्जर ने 7 पर 3, रोनित ने 4 पर 3, तरुण कुमार ने 14 पर 2, कुलदीप शर्मा ने 22 पर एक विकेट लिया। जवाबी पारी में एस बी एस एकेडमी सीकर ने अंकित पिलानिया के 21 रन नाबाद व चेतन गोरा के 26 रन से मात्र 6.2 ओवर में 2 विकेट पर 62 रन बनाकर मैच जीत लिया। दूसरे मार्च में लक्ष्य ग्राउंड पर लक्ष्य एकेडमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए समर प्रताप के 77 रन, आदित्य जाखड़ के 80 रन, हैरी तिवारी के 75 रन, आर्यन होलकर के 97 रन व योजित सैनी के 46 रनो से 44.3 ओवर में 449 रन बनाए।

## धैर्यमान व अमरनाथ के शतक से जीती रॉयल क्रिकेट अकादमी व मोहन क्रिकेट अकादमी

जयपुर, 26 मार्च। नेशनल क्रिकेट ठाउंड पर खेले गए मैच में रॉयल क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 45.3 ओवर में 333 रन पर ऑल आउट हो गई। जिसमें धैर्यमान सिंह ने 152 रन व हर्ष जाखड ने 51 रन व उज्जवल चौधरी ने 50 रनों की पारी खेली। आर्यन क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाजी में समीर गोरा व आदित्य प्रजापत ने 3-3 विकेट व विहान अठावाल ने दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी आर्यन क्रिकेट अकादमी 42 ओवर में 199 रन पर ऑलआउट हो गई। जिसमें सनी ने 84 रन व विहान अठावाल ने 46 रनों की पारी खेली। रॉयल क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाजी में धैर्यमानसिंह ने तीन विकेट और प्रियांशु, उज्जवल व अस्तित्व ने दो-दो विकेट लिए। रॉयल क्रिकेट अकादमी ने 134 रन से मुकाबला जीता।

## सनराइज फुटबॉल क्लब ने जयपुर सिटी फुटबॉल क्लब को 4:1 से हराया



जयपुर, 26 मार्च। राजस्थान फुटबॉल संघ और पूर्णिमा यूनिवर्सिटी के सयुंक्त तत्वाधान में जारी आर लीग डिवीज़न फुटबॉल लीग के आज तीन मैच खेले गए।

पहला मैच जयपुर सिटी फुटबॉल क्लब और सनराइज फुटबॉल क्लब के बीच मैच खेला गया । मैच के 15 वे मिनट में सनराइज क्लब के सूफियान ने शानदार गोल से बढ़त दिलाई मैच के 18 वे मिनट में मुकेश ने गोल करके अपनी टीम की बढ़त दुगनी कर दी। सनराइज क्लब के कप्तान संतोष के द्वारा गोल करके अपनी टीम को मध्यांतर तक 3-0 से आगे कर दिया।

मध्यांतर के बाद दोनों टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। मैच के 79 मिनट में सनराइज के मुकेश ने अपनी टीम के लिए 4 और स्वयं का दूसरा गोल किया मैच के 85 वे मिनट में जयपुर सिटी के खिलाड़ी महिपत में अपनी टीम के लिए एकमात्र गोला किया।

दूसरा मैच ए स एल फुटबाल क्लब जयपुर और रिहान फुटबाल क्लब के बीच खेला गया मध्यांतर तक दोनों ही टीमें गोल करने में असमर्थ रही ।

मैच के 47 वे मिनट में ए स एल के अमित नेअपनी टीम के लिए पहला गोल किया अगले ही मिनट में अमित ने अपना तथा अपनी टीम के लिए दूसरा गोल किया मैच के 54 वे मिनट में युवराज ने अपनी टीम के लिए तीसरा गोल किया ।

90 वे मिनट मे देव्यांशु ने ए स एल के लिए चौथा गोल किया मैच के अंतिम मिनट में ए स एल के करण ने अपनी के लिए 5 वा गोल किया। इस तरह ए स एल ने ये मैच 5-0 से अपने नाम किया।

तीसरा मैच फुटबॉल क्लब ब्रदर यूनाइटेड और जिंक फुटबॉल क्लब के मध्य खेला गया जिसमें फुटबॉल क्लब ब्रदर यूनाइटेड के खिलाड़ी सुनील ने 7 वे मिनट में अपनी टीम को निर्णायक बढ़त दिलाई। और मैच 1- 0 से अपने नाम किया।

संघ सचिव दिलीप सिंह शेखावत ने बताया कि 20 मार्च से शुरू हुई आर लीग 1 महीने तक चलेगी। कुल 42 मैचों में से अब तक 9 मैच खेले जा चुके हैं 29 मार्च को अगले तीन मैच खेले जाएंगे।

# राजस्थान यूनाइटेड एफसी को डायमंड हार्बर एफसी ने कड़े मुकाबले में 1-1 से ड्रॉ पर रोका

जयपुर, 26 मार्च। राजस्थान यूनाइटेड एफसी ने अपने घरेलू मैदान विद्याधर नगर स्टेडियम में खेले गए 2025-26 संस्करण के एक रोमांचक मुकाबले में डायमंड हार्बर एफसी के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ खेला।

मैच की शुरुआत दोनों टीमों द्वारा अनुशासन और सामरिक समझ के प्रदर्शन के साथ हुई, जिसके चलते पहला हाफ काफी प्रतिस्पर्धात्मक रहा और कोई भी टीम गोल करने में सफल नहीं हो सकी। दूसरे हाफ की शुरुआत में ही निर्णायक क्षण आया, जब ब्राज़ीलियाई फॉरवर्ड जोनाथन फर्नांडेज़ ने 51वें मिनट में पेनल्टी को सफलतापूर्वक गोल में बदलते हुए राजस्थान यूनाइटेड एफसी को बढ़त दिलाई।

इस गोल के बाद टीम को नई ऊर्जा मिली और उन्होंने दूसरे गोल की तलाश में लगातार दबाव बनाए रखा। हालांकि, डायमंड हार्बर एफसी ने भी दृढ़ता दिखाई और अंततः बराबरी का गोल कर मैच को 1-1 की स्थिति में समाप्त किया। परिणाम पर प्रतिक्रिया देते हुए, राजस्थान यूनाइटेड एफसी के चेयरमैन के.के. टाक ने मुकाबले की कठिनाई और टीम के प्रयासों को सराहते हुए कहा कि यह एक मजबूत प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ चुनौतीपूर्ण मैच था। उन्होंने यह भी कहा कि क्लब हमेशा अधिकतम अंक प्राप्त करने का लक्ष्य रखता है और अब ध्यान आगामी मुकाबलों में और बेहतर प्रदर्शन करने पर केंद्रित रहेगा। उन्होंने आगे सभी विशिष्ट अतिथियों और गणमान्य व्यक्तियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि उनकी उपस्थिति और समर्थन क्लब के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस मुकाबले में कई गणमान्य अतिथियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जिनमें मुख्य अतिथि गोपाल शर्मा (विधायक), संजय पाचपोर (आरएसएस) और विशिष्ट अतिथि राम प्रसाद (सीनियर प्रचारक, आरएसएस, संरक्षक) शामिल रहे।





अन्य विशिष्ट अतिथियों में भूपेंद्र सेन जी (प्रदेश महामंत्री, भाजपा, जयपुर, राजस्थान), अमित गोयल (जिला अध्यक्ष, जेटीपीआर राजस्थान), डॉ. अल्पना कतेजा (कुलपति, राजस्थान विश्वविद्यालय), राजस्थान यूनाइटेड एफसी के प्रबंध निदेशक एवं चेयरमैन, तेजेंद्र सिंह जादौनी (फिल्म अभिनेता एवं क्लब के राष्ट्रीय ब्रांड एंबेसडर), फिल्म अभिनेत्री रिया सागू, दिलीप शेखावत (सचिव, आरएफए), राजू अग्रवाल (मंगोरीवाला) तथा सुमित कुमार यादव (सीजीएसटी आयुक्त) शामिल रहे।

## टीम जयपुर ने 13.5-3 के स्कोर से टीम जयगढ़ को हराकर जीता मैच



जयपुर, 26 मार्च। जयपुर पोलो सीजन 2026 के अंतर्गत राजस्थान पोलो क्लब ग्राउंड पर सीजन के आखिरी टूर्नामेंट आरपीसी कप - द्वितीय (आउट ऑफ हैट) का दूसरा मैच गुरुवार को खेला गया। यह दिलचस्प मुकाबला टीम जयपुर और टीम जयगढ़ के बीच खेला गया, जिसमें टीम जयपुर ने शानदार जीत हासिल की। टीम जयपुर ने 13.5 - 3 के स्कोर से टीम जयगढ़ को शिकस्त दी।

विजेता टीम जयपुर से की ओर से युवा खिलाड़ी डीनो धनखड़ ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अकेले 9 गोल हासिल किए। वहीं, रघुराम हरि ने 2 गोल किए। टीम के लिए नरेंद्र सिंह और बलबीर सिंह ने 1-1 गोल किया। यहां टीम जयपुर को आधे गोल का एडवांटेज भी मिला। दूसरी ओर, टीम जयगढ़ से मयूरध्वज सिंह तलबगांव ने 2 गोल और शुभम सिंह ने 1 गोल किया। टीम से अश्विनी शर्मा और योगेंद्र सिंह भी खेले।

राजस्थान पोलो क्लब ग्राउंड पर शुक्रवार, 27 मार्च को शाम 5 बजे टीम जयपुर और टीम नाहरगढ़ के बीच मुकाबला होगा। वहीं, टूर्नामेंट का फाइनल शनिवार, 28 मार्च को राजस्थान पोलो क्लब ग्राउंड पर खेला जाएगा।